हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 34 .1 डिग्री
न्यूनतम 26 .8 डिग्री

11 बेसहारा गोवंश से परेशान, पकड़ने का काम शुरू किया



12 नशा मुक्त समाज हम सब की नैतिक जिम्मेवारी : प्रो. सुदेश



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में आन द स्पाट दाखिले 30 तक

**गन्नौर/खरखौदा।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आन द स्पाट दाखिले की तिथि बढ़ाकर अब 30 अगस्त कर दी है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले आवेदन नहीं किया था, वे अब इस तिथि तक आवेदन कर मेरिट के आधार पर सीधे दाखिला पा सकते हैं। इस प्रक्रिया में नए और पुराने आवेदनों की संयुक्त मेरिट बनेगी, जिसमें कोई आरक्षण लागू नहीं होगा। प्राचार्य संदीप अहलावत व राजलूगढ़ी के इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी अपने रैंक कार्ड संस्थान में जमा करा सकते हैं। इसके बाद मेरिट के आधार पर रिक्त सीटों पर दाखिले किए जाएंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा लापता, दर्ज केस

**सोनीपत।** मेडिकल कॉलेज खानपुर जाने के लिए घर से निकली एक छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को अज्ञात लोग बहला-फुसलाकर या बंधक बनाकर ले गए हैं। पुलिस से छात्रा को सुरक्षित बरामद करने की गुहार लगाई है। महिला थाना खानपुर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा की तलाश के लिए टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी। साथ ही कॉलेज और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा की लोकेशन ट्रेस करने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक सुराग नहीं मिला पाया था।

### शुक्रवार: सेक्टर 7 सीएनजी पंप पर सुबह 3 बजे शुरू हुई सप्लाई 4 घंटें ही चली

# सीएनजी संकट: अब रोस्टर से दो पंपों पर 4 घंटों ही मिलेगी सीएनजी

गत सप्ताह क्षतिग्रस्त हुई थी यमुना नदी से गुजर रही गेल गैस कंपनी की पाइपलाइन, सीएनजी किल्लत से पेट्रोल से ऑटो चलाने को विवश चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पांच दिनों से सीएनजी की कमी में पेट्रोल के सहारे गाड़ी चला रहे मालिकों के लिये राहत भरी खबर है। अब जिले भर के सीएनजी पंपों पर रोस्टर से सीएनजी उपलब्ध करवाने की योजना बनाई जा रही है। जिसके तहत प्रतिदिन जिले के दो पंपों पर चार-चार घंटों के लिये गैस उपलब्ध कराई जाएगी। शुक्रवार को भी जिले के लगभग सभी 28 सीएनजी पंपों पर ताला लटका रहा। केवल सेक्टर 7 स्थित सीएनजी पंप पर अल सुबह 3 बजे सप्लाई की गई थी, जोकि महज चार घंटे ही चल सकी।

बता दें कि बागपत के पास यमुना नदी से गुजर रही गेल गैस कंपनी की पाइपलाइन पिछले सप्ताह क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे जिले में सीएनजी स्टेशनों पर आपूर्ति बाधित हो गई थी। यमुना में जलस्तर बढ़ने के कारण पाइप लाइन को दुरुस्त करना संभव नहीं था, जिस कारण सीएनजी पंपों पर आपूर्ति बंद होने से सभी पंप सूने पड़े हैं। ऐसे में वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ी हुई है। पांच दिन बाद शुक्रवार को सेक्टर-7 स्थित पंप पर आंशिक आपूर्ति शुरू की, जो चार घंटे तक रही। इसका प्रेशर 14 ही रहा, जबकि प्रेशर 18 तक होना चाहिए। तड़के तीन बजे शुरू हुई आपूर्ति का पता लगने के बाद वाहनों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। सुबह सात बजे आपूर्ति फिर बंद हो गई। पंपों पर सीएनजी आपूर्ति बहाल नहीं होने से हजारों वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। कंपनी ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अब रोटेशन प्रणाली से गैस उपलब्ध करवाएगी।





सोनीपत। मेरठ लोहारू हाइवे पर बंद पड़ा सीएनजी पंप। *फोटो: हरिभूमि।*

### क्या कहती है ऑटो यूनियन

मुरथल रोड आटो यूनियन के प्रधान रामकुमार का कहना है कि सोनीपत से मुरथल तक करीब 185 आटो चलते हैं, जिनमें अधिकांश सीएनजी पर निर्भर हैं। जिले में गैस न मिलने से कुछ चालकों को मजबूरी में आटो खड़ा करना पड़ रहा है, जबकि कुछ जेब पर अतिरिक्त बोझ डालकर पेट्रोल से आटो चला रहे हैं।

### रोटेशन से होगी आपूर्ति

गैल गैस कंपनी ने उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानी को देखते हुए अब रोटेशन प्रणाली पर विचार किया है। इस व्यवस्था के तहत जिले के दो पंपों पर रोजाना चार-चार घंटे गैस दी जाएगी। हालांकि यह समाधान स्थायी नहीं है, लेकिन फिलहाल यही विकल्प है। कंपनी का कहना है कि पाइपलाइन की मरम्मत पूरी होने तक यह व्यवस्था जारी रहेगी।

### ऑटो चालक प्रभावित

जिले में 24 हजार से अधिक सीएनजी चालित वाहन हैं, जिनमें छह हजार से ज्यादा आटो शामिल हैं। आपूर्ति ठप होने से आटो परेशान कई चालक वाहन खड़ा करने को मजबूर हो गए हैं। कुछ पेट्रोल-डीजल पर आटो चलाक बढ़े खर्च से जूझ रहे हैं। मजबूरी में अनेक चालक गन्नौर व सिंघु बॉर्डर से गैस भरवा रहे हैं।

### उद्योगपतियों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**सोनीपत।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन सोनीपत परबिना पी. ने इंडस्ट्रियल एरिया संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में व्यापार संचालन के दौरान सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस उपायुक्त ने संगठन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। बैठक के दौरान व्यापारियों ने इंडस्ट्रियल एरिया में ट्रैफिक व्यवस्था व रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण संबंधी मुद्दे उठाए। इस पर पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु औद्योगिक क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाएगी तथा अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दुर्गा शक्ति वाहिनी की गश्त भी नियमित रूप से कराई जाएगी। इस अवसर पर एसीपी राई विपिन अहलावत, थाना राई प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र, थाना कुंडली प्रभारी निरीक्षक सेठी मलिक सहित औद्योगिक प्रतिष्ठानों से अरविंद चौधरी, प्रवीण जैन व लगभग 35-40 व्यापारी उपस्थित रहे।



#### औद्योगिक प्रतिष्ठानों को दी ये हिदायतें

1. सभी प्रतिष्ठानों पर पूरे परिसर को कवर करने वाले उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी लगाएं, आने-जाने वाले व्यक्तियों/वाहनों की पहचान सुनिश्चित करें।
2. सीसीटीवी फुटेज का बैकअप न्यूनतम तीन माह तक सुरक्षित रखा जाए तथा डीवीआर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए।
3. प्रतिष्ठानों में जगह-जगह "आप कैमरे की निगरानी में हैं" पोस्टर लगाए जाएं ताकि निवारक प्रभाव पड़े।
4. सभी कर्मचारियों का आधार व पुलिस चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाया जाए।
5. औद्योगिक क्षेत्र में ट्रिपल राइडिंग न करें, अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को साइबर अवेयरनेस हुए नशे से जागरूक समय-समय पर करते रहे।
6. कर्मचारियों व सिक्योरिटी गार्ड्स के लिए निर्धारित वर्दी अनिवार्य की जाए।
7. किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम (112) अथवा नजदीकी थाना/चौकी को दें व प्रतिष्ठानों पर पुलिस कंट्रोल रूम, डायल-112, स्थानीय थाना/चौकी, फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस का नंबर लिखें।

## पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या में मां और प्रेमी को उम्रकैद

- मां के प्रेमी ने पहले मासूम के साथ किया दुष्कर्म, फिर दोनों ने डंडों से मिलकर की थी पिटाई
- पति को बताया था कि मिट्टी खाने से परेशान होकर बेटी को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र में पाच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपित व उसका सहयोग करने वाली लड़की की मां को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी रजत व लड़की की मां को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर अलग-अलग धाराओं में लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं भरने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### क्या था पूरा मामला

यह जघन्य अपराध 19 जुलाई 2024 को सामने आया था। एक महिला, जो अपने पति से तलाक ले चुकी थी, अपनी 5 साल की बेटी के साथ सोनीपत में अपने प्रेमी रजत सैनी के साथ रह रही थी। उसे अपनी बेटी को वापस पिता के पास छोड़ना था। उसे डर था कि कहीं उसकी बेटी पिता को उसके और रजत के अवैध संबंध के बारे में न बता दे। इसी डर से रवीना व रजत ने मिलकर बच्ची को रास्ते से हटाने का फैसला किया। आरोप है कि रजत सैनी ने पहले मासूम के साथ दुष्कर्म किया व फिर दोनों ने मिलकर बेरहमी से लाठी-डंडों से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में बच्ची के शरीर पर 76 चोटों के निशान मिले थे। हत्या के बाद, रवीना ने अपने पूर्व पति के मामा को फोन करके झूठ बोला कि बच्ची मिट्टी खा रही थी, जिसके कारण उन्होंने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने 19 जुलाई 2024 को मामला दर्ज किया गया। बाद में गिरफ्तारी के दौरान आरोपित महिला ने पुलिस के सामने यह स्वीकार किया कि उसने और रजत ने अवैध संबंध छुपाने के लिए बच्ची की हत्या की थी। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने दोषी महिला को हत्या (धारा 302 IPC) में उम्रकेद की सजा व एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। अदा न करने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं छेड़छाड़ (धारा 354 IPC) के मामले में तीन साल कैद व पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषी महिला पर लगी कुल एक लाख पांच हजार रुपये जुर्माने की राशि में से 75,000 पीड़ित बच्ची के पिता को मुआवजे के रूप में देने के आदेश दिए है। वहीं दोषी महिला के प्रेमी रजत को दुष्कर्म (पॉक्सो एक्ट की धारा 6) में 20 साल कैद व पचास हजार रुपये जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा, (पॉक्सो एक्ट की धारा 10) में पांच साल कैद व दस हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा, आईपीसी की धारा-302 व 34 आईपीसी में उम्रकैद व एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदा न करने पर एक साल कैद की अतिरिक्त सजा, आईपीसी की धारा-354 में तीन साल कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि ना भरने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। रजत पर लगाए कुल एक लाख 65 हजार के जुर्माने में से एक लाख 25 हजार की राशि पीड़िता के पिता को देने के आदेश दिए हैं।

## आसमान में दिखाई दिया संदिग्ध ड्रोन जांच में निकली डोरेमोन की डम्मी

- क्षेत्र में हड़कंप, गुप्तचर विभाग की टीमें मामले पर बनाए हुए हैं नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के सीआरए कॉलेज के पास आसमान में संदिग्ध ड्रोन जैसी वस्तु घूमती दिखाई देने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस व गुप्तचर विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और खुफिया विभाग की टीमें पहुंचीं और जांच शुरू की। जब वस्तु को कब्जे में लिया गया तो वह डोरेमोन की डम्मी निकली। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ देर तक आसमान में उड़ती वस्तु देखकर उन्हें लगा कि कोई ड्रोन कैमरा उनके ऊपर मंडरा रहा है। कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जांच टीम ने बताया कि यह किसी ने मजाक के तौर पर उड़ाया होगा, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से इस तरह की घटनाओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता। बता दें कि पिछले कई दिनों से यमुना नदी से सटे गांवों में भी संदिग्ध ड्रोन जैसी गतिविधियां दिखाई देने की सूचना मिली थी। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार देर रात आसमान में रोशनी वाली वस्तुएं मंडराती दिखी हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि चाहे यह डोरेमोन की डम्मी ही क्यों न हो, लेकिन बार-बार ऐसे मामले सामने आना चिंता का विषय है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी संदिग्ध ड्रोन या कोई अज्ञात वस्तु दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। फिलहाल पुलिस मामले की तह तक जाने में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर डम्मी उड़ाने के पीछे कौन लोग शामिल हैं। इस घटना के बाद से सीआरए कॉलेज क्षेत्र और आसपास के गांवों में सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।



सोनीपत। पार्क में गिरा संदिग्ध ड्रोन डम्मी।

## साइबर ठगों का आंतक: एसीपी और पुलिस अधिकारियों के व्हाट्सएप हैक

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने गन्नौर के एसीपी ऋषिकांत, पुलिस लाइन में रहने वाले एएसआई राजेश व मोहाना थाना प्रभारी मोहन सिंह के व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिए। अधिकारियों के व्हाट्सएप नंबर हैक कर ठगों ने उनके परिचितों व विभागीय कर्मचारियों को संदेश भेज रुपये मांगें। अकाउंट हैक होने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने तुरंत अपने उच्चाधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया। ठगों द्वारा भेजे जा रहे संदेशों में रुपए तुरंत भेजने का दबाव बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार साइबर ठग अक्सर इसी तरह उच्च अधिकारियों या परिचितों के अकाउंट हैक कर लोगों को जाल में फंसाकर रुपये ऐंठने का प्रयास करते है। पुलिस ने सभी कर्मचारियों व आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह के ऐसे संदेश पर विश्वास न करें और न ही कोई आर्थिक लेन-देन करें। एसीपी ऋषिकांत का कहना है कि उसने एप को डिलीट करके दोबारा से डाउन लोड कर लिया। फिलहाल अधिकारियों ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज करवा दी है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही ठगों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद विभाग में साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्कता और बढ़ा दी गई है।

### तुरंत करें डिएक्टिवेट

इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। अगर किसी का व्हाट्सएप हैक होता है तो तुरंत उसे डिएक्टीवेट कर दें। मामलों में शिकायत मिलने पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। फिलहाल मामलों की जांच की जा रही है।

## गर्भपात किट बेचने के दो आरोपी गिरफ्तार एक जेल भेजा, मेडिकल स्टोर किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले की कुण्डली थाना पुलिस ने अवैध रूप से गर्भपात किट बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर संचालक समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित में दिनेश निवासी नरेला, दिल्ली और रविन्द्र निवासी मातन, जिला झज्जर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल व दूसरे को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार 21 अगस्त 2025 को डॉ. नितिन फलसवाल, नोडल अधिकारी (पीसीपीएनडीटी) सोनीपत ने थाना कुण्डली में लिखित शिकायत दी थी कि पाल क्लीनिक गैडोर कॉलोनी, कुंडली औद्योगिक क्षेत्र के मालिक दिनेश पाल अवैध रूप से एमटीपी किट बेच रहा है। सिविल सर्जन सह अध्यक्ष जिला स्तरीय समिति, सोनीपत ने इस पर डॉक्टरों की एक टीम गठित कर फर्जी ग्राहक के माध्यम से कार्रवाई की योजना बनाई। फर्जी ग्राहक द्वारा पांच सौ रुपये ऑनलाइन भुगतान करने के बाद दिनेश पाल ने एमटीपी किट उपलब्ध कराने की पुष्टि की। 21 अगस्त को निफ्टम चौक स्थित क्लीनिक पर सौदा तय हुआ और दिनेश पाल ने ग्राहक को एमटीपी किट सौंप दी।

**बिना योग्यता के मेडिकल स्टोर चला रहा था नरेला का दिनेश पाल, मुकेश मेडिकल स्टोर से खरीदने की बात स्वीकारी, मातन निवासी रविन्द्र को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया, अब होगी पूछताछ**

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में पाया कि आरोपी बिना किसी आवश्यक योग्यता के क्लीनिक चला रहा था। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने यह किट मुकेश मेडिकोज नामक मेडिकल स्टोर से खरीदी थी। जिसके चलते स्टोर को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धारा 22(1)(डी) के तहत सील कर दिया गया। थाना कुण्डली पुलिस की जांच टीम ने उप निरीक्षक नवीन के नेतृत्व में दोनों आरोपितो को गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेशी के दौरान अदालत ने दिनेश को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने और रविन्द्र को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेने के आदेश दिए। पुलिस का कहना है कि जिले में इस तरह के अवैध धंधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। रिमांड पर लिए आरोपित से पूछताछ की जा रही है।



## उदेशीपुर में नया पावर हाउस बनने से 12 घंटे गुल रही बिजली, लोग परेशान

**गन्नौर।** उदेशीपुर क्षेत्र में नया पावर हाउस तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिजली निगम की ओर से शुक्रवार को नए सिरे से तार बिछाने का कार्य किया गया। निगम द्वारा वर्क परमिट लेकर सुबह से ही काम शुरू कराया गया। इस कारण गांधी नगर फीडर को बंद रखना पड़ा, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। सुबह 8 बजे से बिजली गुल होने के बाद लोगों को पूरे 12 घंटे तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। देर रात करीब 8 बजे के बाद ही सप्लाई बहाल की गई। दिनभर की कड़ी गर्मी व उमस में लोग बेहाल दिखे। इन्वर्टर और बैकअप सिस्टम भी घंटों के इंतजार के बाद ठप्प हो गए, जिससे घरों और दुकानों में परेशानी और बढ़ गई। जिससे विद्यार्थियों की आनलाइन पढ़ाई प्रभावित रही, व्यापारियों को भी नुकसान हो रहा है। लोगों ने बताया कि गर्मी और उमस में दिनभर बिजली न आने से परेशानी होती है। जेई प्रवीन कुमार ने बताया कि नया पावर हाउस बनाया जा रहा है। नए सिरे से तारें बिछाई जा रही हैं। वर्क परमिट लेकर काम होता है। रात आठ बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई थी।

## दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

- बहाने से अपने प्लाट में ले जाकर पड़ोसी युवक ने दिया वारदात को अंजाम

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव में युवक ने दिव्यांग किशोरी को अपने प्लॉट में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप का मामला सामने आया है। जब पीड़िता के परिजनों को मामले का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी दिव्यांग है। उनके पड़ोस में रहने वाला युवक कार्तिक उनकी बेटी को 20 अगस्त को बहाने से अपने प्लॉट में ले गया और वहां उनकी बेटी संग गलत काम कर दिया। जब उन्हें मामले का पता लगा तो उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए बहालगढ़ थाना पुलिस ने आरोपित कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### रेलवे रोड की घटना, टला एक बड़ा हादसा

# चालू लाइन में झुका बिजली का पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के रेलवे रोड पर उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक बिजली आपूर्ति के दौरान ही एक बिजली का पोल झुक गया। हालांकि गनीमत यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। आसपास के दुकानदारों ने बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे और उसकी जगह दूसरा नया बिजली का पोल लगाया। पोल झुकने के कारण करीब तीन घंटे रेलवे रोड पर आसपास की बिजली आपूर्ति बंद रही।

इस दौरान बिजली से संबधित काम करने वाले दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हुई। दुकानदार रमेश, सतबीर, महेश ने बताया कि वे देर रात को अपनी दुकान बंद करके ठीक- ठाक गए थे। सुबह आए तो बिजली का पोल नीचे झुका हुआ था और बिजली चालू थी। इस दौरान गनीमत रही की कोई भी हादसा होने से टल गया। उन्होंने बताया कि बिजली का खंभा पुराना होने के कारण जमीन से हिल गया और तिरछा होकर सड़क की ओर झुक गया। पोल झुकते ही आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर घबरा गए।



- बिजली आपूर्ति पोल बदलने के दौरान रही तीन घंटे करीब बंद।

गन्नौर। रेलवे रोड पर अचानक झुका हुआ बिजली का पोल। *फोटो: हरिभूमि।*

### लोगों को किया सतर्क

सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया। विभागीय कर्मचारियों ने सुरक्षा के सभी इंतजाम करते हुए पोल को खड़ा कर लाइन को दोबारा दुरुस्त करने का काम शुरू किया।

## चेकिंग में पुलिसकर्मी से मारपीट का आरोपी काबू

**सोनीपत।** कुण्डली पुलिस ने वाहन चेकिंग ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विनित निवासी गांव असावरपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। 21 अगस्त को एसपीओ सुनील कुमार ने थाना कुण्डली में शिकायत दर्ज कराई थी कि पुलिस टीम प्याऊ मनियारी, कुण्डली पुल के नीचे वाहन चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आया, जिसकी आगे की नंबर प्लेट टूटी हुई थी। पुलिसकर्मी ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो आरोपित ने बाइक रोककर अपने हाथ में लिए हुए हेलमेट से सुनील कुमार पर हमला कर दिया। उसने गला पकड़कर पुलिस कर्मचारी के साथ मारपीट भी की। इस घटना पर थाना कुण्डली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।





# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

लाइफ Style



# कृति वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।




# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

### गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के जरिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेंचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

**खबर संक्षेप**

## वेब डेवल्पमेंट प्रतियोगिता में प्रिया शुक्ला अव्वल

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्ज कालेज में जारी उद्यमिता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को वैबप्रीन्योर चैलेंज आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत हुई वेब डेवल्पमेंट प्रतियोगिता में प्रिया शुक्ला प्रथम स्थान पर रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उद्यमिता पखवाड़ा के तहत स्टार्टअप को बढ़ावा देने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करवाया जाएगा, जिनका छात्राओं को अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए।

## गढ़ी ब्राह्मण से किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के गढ़ी ब्राह्मण इलाके से 18 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर छानबीन कर रही है और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है।

## 24 महिलाओं समेत 34 ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** रेडक्रॉस द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा माह के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय महिला कालेज गोहाना में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 10 पुरुषों और 24 महिलाओं समेत 34 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर रेड रिबन क्लब और राजकीय महिला कालेज के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर के लिए मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह का रहा। अध्यक्षता उप प्राचार्य सतीश कुमार ने की। संयुक्त संयोजन रेड रिबन क्लब की प्रभारी किरण और लीगल लिटरेसी सेल की प्रभारी रेखा देवी का रहा।

## औषधीय पौधों की खेती के लिए किया प्रोत्साहित

**सोनीपत।** जिले में औषधीय पौधों की खेती की जानकारी होना बेहद जरूरी है, ताकि किसान इसका लाभ उठा सकें। यह बात जिला आयुर्वेदिक अधिकारी व आयुष विभाग के प्रभारी डॉ. राम अवतार ने एक बैठक में कही। बैठक का आयोजन जिले की विभिन्न जैव विविधता प्रबंधन समितियों के तहत औषधीय पौधों की खेती की जानकारी एकत्रित करने के उद्देश्य से किया गया। डॉ. राम अवतार ने कहा कि जिले के जिन गांवों में किसान औषधीय पौधों की खेती कर रहे हैं, वे विभाग को इसकी जानकारी दें।

## एड्स जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मण, सोनीपत में शुक्रवार को जिला स्तरीय एड्स जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य अतुल खट्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है।

## वीरेंद्र पहल को दी प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**सोनीपत।** जगजीत सिंह डल्लेवाल की नीतियों से प्रभावित हो कर किसान नेता वीरेंद्र पहल शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर में शामिल हुए। प्रदेश कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से फैसला करते हुए वीरेंद्र पहल को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। किसानों को सम्बोधित करते हुए किसान नेता वीरेंद्र पहल ने कहा कि वे हरियाणा के कोने-कोने में जाकर यूनियन एवम किसानों की लड़ाई को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

### सहारनपुर उत्तर प्रदेश में चैंपियनशिप का आयोजन

# स्टेट कुराश चैंपियनशिप में विश्वजीत ने जीता गोल्ड, नेशनल के लिए चयनित

### डायरेक्टर ने फूलमालाएँ पहनाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

### प्रताप स्कूल के खिलाड़ी ने पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट सब जूनियर कुराश चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के खिलाड़ी विश्वजीत मलिक ने 55 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक के साथ ही उनका चयन रायपुर, छत्तीसगढ़ में होने वाली नेशनल कुराश चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। स्वर्ण पदक विजेता विश्वजीत मलिक के विद्यालय लौटने पर विद्यालय प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व कोच रोहित दहिया तथा मोहित पंवार ने फूलमालाएँ पहनाकर खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर प्रताप सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति के प्रधान वेदप्रकाश पहलवान व संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश ने बताया कि विश्वजीत मलिक एक बेहतरीन खिलाड़ी है, जिसने पहले भी कई बार प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है।



खरखौदा। पदक विजेता को सम्मानित करते। फोटो :हरिभूमि


खरखौदा। विजेता नेटबॉल टीम के साथ आयोजक। फोटो :हरिभूमि


रोल बॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता प्राचार्या गीता चोपड़ा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ।

## ज्ञान गंगा स्कूल ने रोल बॉल चैंपियनशिप में जीते 3 पदक

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने जिला रोल बॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते 3 स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिला रोल बॉल एसोसिएशन की तरफ से पिछले दिनों आयोजित इस चैंपियनशिप में लड़कों के अंडर-17 आयु वर्ग में वंश राठी व मोहम्मद जैद और गर्ल्स अंडर-11 आयु वर्ग में युक्ति ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल लिया। स्कूल में तीनों स्वर्ण पदक विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने वंश राठी, मोहम्मद जैद व युक्ति को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति आदि मौजूद रहे।

### नेटबॉल में कतलूपुर की टीम ने मारी बाजी

**खरखौदा।** लखीराम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, हलालपुर में 18 से 21 अगस्त तक चार दिवसीय जिला स्तरीय स्कूली नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों के 14,17 व 19 में आयु वर्ग के अलग-अलग मुकाबले हुए। इस प्रतियोगिता के आधार पर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन भी किया गया। घोषित परिणाम के अनुसार लड़कों की 17 आयु वर्ग में धनीराम स्कूल कतलूपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान गवर्नमेंट हाई स्कूल गिवाना की टीम और तीसरा स्थान प्रताप सिंह मैमोरियल स्कूल, खरखौदा ने प्राप्त किया। बाकी सभी टीमों का चयन ट्रायल के आधार पर किया गया। इस अवसर पर कन्वीनर धर्म देव प्रधानाचार्य गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिसाना, संजय दहिया प्रधानाचार्य लखीराम स्कूल, जसबीर सिंह डीपीई गोपालपुर, दलबीर सिंह, पंकज व संसार उपस्थित रहे।


सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करती प्राचार्या साथ में अन्य।

## लिटल एंजल्स स्कूल की हॉकी खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

डीबीके स्कूल, नरवाना में 12 अगस्त 2025 से 18 अगस्त, 2025 तक आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जॉन हॉकी चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की हॉकी खिलाडियों ने अंडर-17 बालिका वर्ग में पानीपत की टीम को 3-0 के स्कोर से हराया वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में भी पानीपत की टीम को 4-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीते। सीबीएसई हॉकी नॉर्थ जॉन चैंपियनशिप में हरियाणा पंजाब, जम्मू-कश्मीर व हिमाचल से लगभग 30 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें लिटल एंजल्स की हॉकी खिलाडियों अमन, अदविका, संजना, मोउकी, कामाक्षी, वंशिका, माही, जैसमिन, दीक्षा, इशिका, वैभवी, सोनिया, नव्या, अवनी, भव्या, चंचल, दिया, हर्षिता, अवनी धनखड़, नैंसी सरोहा, परीनिता, खुशी, सृष्टि, भूमि ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। सभी विजेता खिलाडी अब सीबीएसई हॉकी नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेंगे जो की उड़ीसा के भुवनेश्वर शहर में 12 सितम्बर से 18 सितम्बर तक आयोजित होगी। सभी विजेता हॉकी खिलाडियों के विद्यालय पहुचने पर प्रधानाचार्या आशा व उप-प्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## नवयुग बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक



**सोनीपत।** हाल ही में हुई जिला स्तरीय स्कूल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में नवयुग बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ियों ने अलग अलग आयु वर्ग में 4 गोल्ड मेडल हासिल किए। क्लब पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत डॉ. संदीप चौधरी असिस्टेंट प्रोफेसर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा ने फूलमलाए पहना कर स्वागत किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित किया। नवयुग बॉक्सिंग क्लब के कोच रविंद्र सिंह ने बताया कि विहान अंडर 14 स्वर्ण पदक, इशांत अंडर 17 स्वर्ण पदक, वंश अंदर 17 स्वर्ण पदक, निधिश अंदर 19 स्वर्ण पदक प्राप्त किया व साथ ही बताया कि इन सभी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

# इशिका बनी मिस-साजिद मिस्टर फेयरवेल

### पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कामी रोड में फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी फार्मा) के जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी। विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को अलग-अलग टाइटल से नवाजा। फाइनल ईयर की छात्रा इशिका को मिस फेयरवेल एवं छात्र मो.साजिद को मिस्टर फेयरवेल चुन लिया गया, जबकि महिमा को मिस टैलेंटेड व अभिषेक को मिस्टर परफेक्ट के खिताब से नवाजा गया। समारोह में पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार, फार्मेसी कॉलेज की डायरेक्टर डा. सुनीता, प्राध्यापिका सुमिता व नीलम ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सुझाव एवं आशीर्वाद दिए।



सोनीपत। विदाई समारोह में विभिन्न खिताबों से नवाजे छात्र-छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

# गोहाना-कथूरा सड़क की स्पेशल रिपेयर मंजूर: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार सडक़ों के सुदृढीकरण पर गंभीरता से काम कर रही है। इस क्रम में गोहाना विधानसभा की 8 सडक़ों की स्पेशल रिपेयर पर 6 करोड़ 12 लाख 51 हजार रुपये खर्च होंगे और इसके लिए टेंडर ठेकेदार एजेंसी को अलॉट किए जा चुके हैं।

उन्होंने खुशी जताई कि प्रदेश सरकार ने गोहाना-महम रोड पर जिला की सीमा में गांव कथूरा तक सडक़ पर वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए स्पेशल रिपेयर की मंजूरी दी है, इससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में सड़कों को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस कड़ी में गोहाना विधानसभा की आठ सड़कों की स्पेशल रिपेयर मंजूर की गई थी। अब इन आठ सडक़ों की स्पेशल रिपेयर के लिए 6 करोड़ 12 लाख 51 हजार रुपये के टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और बरसाती मौसम खत्म होते हुए स्पेशल रिपेयर करवाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि सोनीपत गोहाना मार्ग से गुहणा वाया तिहाड़ मार्ग के लिए 1 करोड़ 49 लाख 32 हजार रुपये, गांव गुहणा से गांव फरमाणा मार्ग के लिए 1 करोड़ 7 लाख 51 हजार रुपये, गोहाना खानपुर कलां रोड पर गांव गामड़ी व गांव खानपुर कलां में जर्जर टुकड़ों की स्पेशल रिपेयर पर 67 लाख 8 हजार रुपये खर्च होंगे। इसी प्रकार खरखौदा रोड़ से गांव बड़ौता स्टैंड तक के लिए 72 लाख 83 हजार रुपये, तिहाड़ खुर्द से खेडी दहिया संपर्क मार्ग के लिए 97 लाख 63 हजार रुपये, भठगांव से गढी हकीकत संपर्क मार्ग के लिए 70 लाख 37 हजार रुपये, गांव जुआं से श्मशान घाट मार्ग के लिए 31 लाख 87 हजार रुपये और मोहाना संपर्क मार्ग के लिए 15 लाख 90 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।

### आठ सड़कों की स्पेशल रिपेयर



मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि इन आठों सडकों की स्पेशल रिपेयर के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि बरसाती मौसम खत्म होने के तुरंत बाद ही इन सडक़ों की स्पेशल रिपेयर करवानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोहाना-महम मार्ग पर सोनीपत जिला की सीमा में गांव कथूरा तक स्पेशल रिपेयर को प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। इसके लिए भी विभाग द्वारा टेंडर लगाया जा चुका है। इस सडक की स्पेशल रिपेयर होने से आमजन को बडी राहत मिलेगी।

# गांव गोरड़ की सबसे उम्रदराज 101 वर्षीय फूलपति का निधन

- फूलपति की तेरहवीं की रस्म क्रिया 24 अगस्त को गांव में की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

उपमंडल के गांव गोरड़ की सबसे उम्रदराज 101 वर्षीय बुजुर्ग का निधन हो गया। उनके पुत्र शिवरतन ने बताया कि उनकी माता फूलपति व उनके पिता डॉ. हरसरुप (96) सबसे उम्रदराज दंपति थे जो पिछले लोकसभा चुनाव में एक साथ वोट डालकर आए थे। तब वोट डालकर आने वाली फोटो मीडिया में वायरल हुई थी। उनके पिता का करीब 4 वर्ष पहले निधन हो गया था और अब उनकी माता फूलपति का निधन हो गया है जो उम्र का शतक लगा चुकी थी। उनके पिता हरसरुप वीएलडीए के पर पर सेवाएं देने के बाद गांव में ही अपना पशु अस्पताल खोला था। वे आर्य विचारधारा से जुड़े थे उनके इन कार्यों में उनकी माता फूलपति ने साथ दिया। फूलपति की तेरहवीं की रस्म क्रिया 24 अगस्त को गोरड़ गांव में की जाएगी।



# दूषित पानी से बढ़ी लोगों की परेशानी जिला प्रशासन पर अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खेड़ी रोड पर पिछले कई दिनों से दूषित पानी जमा होने के कारण स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। निकासी की उचित व्यवस्था न होने की वजह से सड़कों पर भरे इस गंदे पानी से आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पानी से उठ रही बदबू और फैल रही गंदगी ने लोगों का जीवन नारकीय बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार नगरपालिका को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की अनदेखी के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। बरसात के दिनों में हालात और ज्यादा बिगड़ जाते हैं। पानी भरे रहने से बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।


गन्नौर। खेड़ी रोड पर जमा दूषित पानी। फोटो :हरिभूमि

# डा. राजेश का दिल का दौरा पड़ने से निधन, जताया शोक

- भाजपा की जिला सचिव एवं पूर्व ब्लाक समिति सदस्य गुमड़ निवासी पुष्पा बैरागी के पति थे डा. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भाजपा की जिला सचिव एवं पूर्व ब्लाक समिति सदस्य गुमड़ गांव निवासी पुष्पा बैरागी के पति डा. राजेश का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। शुक्रवार को गांव गुमड़ में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय डा. राजेश की अंतिम शव यात्रा में भाजपा के विभिन्न नेताओं के अलावा शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि डा. राजेश ने समाजसेवा के अलावा जनहित में कार्य किए। उनके द्वारा किए गए कार्य के कारण उन्हें याद किया जाएगा। स्वर्गीय डा. राजेश बहुत ही सरल व शांत स्वभाव के थे।


डा. राजेश का फाईल फोटो।

**सुविधा** नंदी लेने से इनकार, केवल एक गोशाला ने पचास गाय लेने की दी सहमति

# राहत: बेसहारा गोवंश से शहर के लोग परेशान नगरपालिका ने पकड़ने का काम किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर की सड़कों पर घूमते बेसहारा गोवंश से परेशान लोगों को फिलहाल कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है। नगरपालिका ने सोमवार से बेसहारा गोवंश को पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया है। नगरपालिका कर्मचारी सड़कों पर झुंड में घूम रहे गाय और नंदी को पकड़कर गाड़ियों में भर रहे हैं। हालांकि सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि गोशालाओं ने गोवंश लेने से हाथ खड़े कर दिए हैं। शहर की केवल एक श्री गोशाला ने मदद के लिए आगे आकर सिर्फ 50 गाय लेने का आश्वासन दिया है, लेकिन नंदी को लेने से साफ मना कर दिया है। जिसके चलते नंदी से शहर मुक्त नहीं हो पाएगा। शहर में गायों की तुलना में नंदी की संख्या कहीं ज्यादा है और यही नंदी लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या बने हुए हैं। ये झुंड के झुंड सड़कों पर घूमते हैं और आए दिन हादसों को न्योता देते हैं। कई बार ये नंदी राहगीरों को घायल भी कर चुके हैं। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका के प्रयासों की सराहना की, लेकिन उनका कहना है कि जब तक नंदी के लिए ठोस व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक शहरवा को राहत मिलना मुश्किल है। जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से स्थाई समाधान के लिए जल्द से जल्द जगह का निर्धारण कर नंदीशाला खुलवा कर उनमें बेसहारा नंदी को छुड़वाने की व्यवस्था करने की मांग की है।


गन्नौर। शहर में बेसहारा गांयो को पकड़ते नगरपालिका कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### अब तक 27 गाय टेगिंग के बाद छोड़ी

नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया गोशालाओं ने गोवंश लेने से मना कर दिया। केवल एक गोशाला ने 50 गाय लेने की अनुमति दी है। जिसके बाद नगरपालिका द्वारा अब तक 27 गायों को पकड़कर उनकी टेगिंग करवाने के बाद श्री गोशाला में छोड़ा जा चुका है।


गन्नौर। स्कूल न्यूट्री प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पौधों की नियमित देखभाल के लिए किया प्रेरित

गन्नौर। मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा एवं संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से एसडीएम कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल न्यूट्री गार्डन की स्थापना एवं देखरेख के बारे में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को विद्यालयों में पोषण वाटिकाओं की स्थापना कर बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने बारे में बताया। एसपीआईडी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र सोनीपत ने सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने शिक्षकों को बताया कि किस प्रकार स्कूल न्यूट्री गार्डन बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में उपलब्ध खाली स्थान पर मौसमी सब्जियां, फलदार पौधे और हरी पत्तेदार सब्जियां उगाकर बच्चों को ताजा और पोषक आहार प्रदान किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने बीज चयन, मिट्टी की तैयारी, जैविक खाद का उपयोग और पौधों की नियमित देखभाल के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि न्यूट्री गार्डन केवल भोजन तक सीमित नहीं रहेगा।

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों की समस्याओं को दिल्ली में प्रदर्शन 4 को

**सोनीपत।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा (संबद्धः एआईयूटीयूसी) के आह्वान पर प्रदेश के निर्माण श्रमिक 4 सितंबर को दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर होने वाले धरना-प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल होंगे। इस संबंध में यूनियन के प्रदेश महासचिव बलबीर सिंह ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान की ओर सरकार बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। हरियाणा बोर्ड ऑफ कंस्ट्रक्शन वर्कर में मनमानी, ब्लॉक स्तर पर पंजीकरण कार्यालय न खोलना, पंजीकरण व हितलाभ में बेवजह कठिन शर्तें लगाना और वास्तविक श्रमिकों के फॉर्म रद्द कर अपने चाहतों को लाभ पहुंचाना जैसी अनियमितताएं लगातार सामने आ रही हैं।



सोनीपत। मौके पर पहुंचें मेयर राजीव जैन साथ में एक्सईएन पंकज गौड़ एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### एक्सईएन ने देखी जलभराव की समस्या

**सोनीपत।** मुरथल रोड पर अग्रसेन चौक से लेकर यूनिक गार्डन तक दोनों तरफ जलभराव की समस्या को लेकर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया और दुकानदारों से बातचीत की। समस्या इतनी गंभीर है कि बरसात के बाद कई कई दिनों तक पानी नहीं निकलता और दुकानदारों ने मजबूरीवश आने जाने का रास्ता बनाने के लिए रोड़े डाल रखे हैं। दुकानदारों ने बताया कि रोड पर एक तरफ तो नाला अग्रसेन चौक से आगे आकर ख़त्म हो जाता है और दूसरी तरफ शुभम गार्डन के सामने से आकर अग्रसेन चौक से पहले खत्म हो जाता है। दोनों तरफ नालों को अधूरा छोड़ दिया गया और पानी की निकासी का कोई इंतजाम नहीं है।

### खरीफ सीजन में कृषि विभाग का बड़ा अभियान

**सोनीपत।** खरीफ सीजन में फसलें अंतिम दौर में हैं। इस समय बाजरा, धान और कपास की फसल में फूल और बालियां आने का चरण है। ऐसे में वर्षा के कारण कीट लगने का खतरा बढ़ गया है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद और कीटनाशक उपलब्ध हों, इसके लिए कृषि विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। विभाग की टीमों ने सोनीपत और गोहाना में खाद व कीटनाशक की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 25 सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि यदि कोई सैम्पल फेल होता है तो संबंधित विक्रेता पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के अनुसार खरीफ सीजन में कीटनाशकों और खाद की मांग बढ़ जाती है।

## टीमें मलेरिया जांच के लिए रक्त के नमूने लेकर भेज रहीं प्रयोगशाला

# डेंगू और वायरल बुखार का प्रकोप बढ़ा स्वास्थ्य विभाग ने तेज की निगरानी

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिलेभर में एंटी लार्वा का भी छिड़काव करवाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में बारिश के मौसम में डेंगू और वायरल बुखार का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जिले में पिछले एक सप्ताह में डेंगू के सात नए मामले सामने आए हैं। अब तक कुल 23 मरीज डेंगू से प्रभावित पाए जा चुके हैं। बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है और निगरानी अभियान तेज कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों द्वारा घर-घर जाकर एंटी लारवा जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिन घरों में पानी जमा मिलता है, वहां हौज, ड्रम और अन्य बर्तनों को खाली कराया जा रहा है। साथ ही लार्वा मिलने पर एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। विभाग की टीमें मलेरिया जांच के लिए लोगों के रक्त के नमूने भी लेकर प्रयोगशाला में भेज रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार नए मामलों में बढ़खालसा, गन्नौर, कालूपुर, महावीर कॉलोनी और फिरोजपुर बांगर क्षेत्र से मरीज मिले हैं। इसके अलावा वायरल बुखार और मलेरिया के भी कई मरीज सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, क्वाइल, क्रीम या तेल का उपयोग करें और पानी जमा न होने दें। यदि डेंगू या मलेरिया के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।



सोनीपत। फिजिशियन ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़।



सोनीपत। लारवा की जांच करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

**लार्वा की जांच में लगी विभाग की टीम**

एक सप्ताह में डेंगू के सात केस सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमें घर-घर जाकर पानी में लारवा की जांच कर रही हैं। विभाग की तरफ से एंटी लारवा का भी छिड़काव करवाया जा रहा है।
डा. योगेश गोयल, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग।


### मार्केट न्यूज

## स्तन कैंसर का आत्यधुनिक इलाज

**सोनीपत।** पिछले 10 सालों में स्तन कैंसर के इलाज में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। अब बिना स्तन निकाले स्तन कैंसर का बहुत अच्छे से इलाज किया जा सकता है I हरियाणा, सोनीपत और आसपास की महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल, कुंडली में अब अत्याधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय इलाज उपलब्ध है। यहां एंड्रोमेडा ब्रेस्ट कैंसर सेंटर है, जिसका नेतृत्व डॉ. वैशाली जामरे कर रही हैं। यहां हर मरीज का इलाज ट्यूमर बोर्ड के फैसले के अनुसार किया जाता है और स्तन कैंसर के उपचार के लिए दुनिया की सबसे आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होता है। इसके बारे में बताने के लिए हम एक मरीज की कहानी आपसे शेयर करना चाहेंगे जिनका हाल ही में एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल में स्तन कैंसर की बड़ी गाँठ का इलाज बिना ब्रेस्ट निकाले सफलतापूर्वक किया गया। 35 वर्ष की महिला, दो छोटे बच्चों की माँ, हमारे पास iss शिकायत के साथ आई कि उसे पिछले छह महीनों से एक स्तन में गांठ महसूस हो रही है। शारीरीक परिक्षण के दौरान हमने पाया कि उसके स्तन में एक बड़ी गांठ है। उनका अल्ट्रासाउंड गाइडेड बायोप्सी, इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री (IHC) टेस्ट, पूरे शरीर का PET-CT स्कैन और जेनेटिक टेस्टिंग किया गया। रिपोर्ट में HER2 पॉजिटिव स्टेज 3 स्तन कैंसर पाया गया, लेकिन कोई अनुवांशिक जीन म्यूटेशन नहीं था।




## खबर संक्षेप



सोनीपत। छात्रों की समस्या का निरीक्षण करने पहुंचें प्रो. श्रीप्रकाश सिंह एवं अन्य।

### छात्रों की समस्याएं हल करने के निर्देश

सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शैक्षणिक ब्लॉक में बिजली और पानी की आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। छात्रों की समस्याओं को लेकर उनके प्रतिनिधि मंडल ने कुलगुरु से मुलाकात की थी। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वयं वर्कशॉप का दौरा किया और वहां लगे जेनरेटर का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से विस्तृत चर्चा की और तुरंत समाधान के निर्देश दिए। जेनरेटर की मरम्मत के लिए एक लाख रुपये से अधिक की राशि तत्काल जारी करने के आदेश भी उन्होंने दिए।



खरखौदा। व्यवस्थाओं के संबंध अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त।

### मुख्यमंत्री कल आएंगें खरखौदा, लगाएंगे पौधे

**खरखौदा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 24 अगस्त को आईएमटी खरखौदा में 76 वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वन महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वन महोत्सव के दौरान 5 एकड़ में सघन वन विकसित करने हेतु 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जिसमें पौधों के विकसित होने उपरांत रिसर्च अनुसार औसतन 230 लाख लिटर ऑक्सीजन प्रतिदिन पर्यावरण में मिल सकेगी। उपायुक्त के अनुसार इन पौधों में विभिन्न प्रजातियों जैसे नीम, बड़, पीपल, शीशम, जामुन, गुलमोहर, शहतूत, बेरी, गुड़हल, तुलसी, नींबू, कढ़ी पत्ता, सहजन, सीता अशोक, हारसिंगार, अमरूद, अमलतास, सतावर, अंगूर बेल, रात की रानी, चांदनी, लहसुन बेल, अंजीर, ईमली, आंवला, आम और पिलखन आदि के औषधीय, धार्मिक, फलदार व छायादार पौधे लगाए जाएंगे।

### सिरसा में अधिवक्ता पर दर्ज केस को आंदोलन

**सोनीपत।** सिरसा में अधिवक्ता अमित सिहाग पर दर्ज मुकदमे को रद्द करने की मांग को लेकर अब सोनीपत बार एसोसिएशन भी खुलकर समर्थन में उतर आई है। शुक्रवार को सिरसा बार एसोसिएशन की कॉल पर सोनीपत बार ने भी वर्क सस्पेंड रखा। इससे कोर्ट में जरूरी काम से आए लोगों को भारी परेशानी हुई और कई मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी। बार प्रधान अनिल दुल ने कहा कि अधिवक्ता अमित सिहाग पर दर्ज केस को तुरंत रद्द किया जाना चाहिए और सिरसा बार की सभी मांगें पूरी की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अधिवक्ता साथियों के साथ न्याय नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। सुबह जैसे ही कोर्ट खुली, बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड की घोषणा कर दी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट में कोई काम नहीं किया। बार के चेंबर और खुले हाल में रखी कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। कोर्ट में जरूरी काम से हर दिन करीब 1 से 1.5 हजार लोग पहुंचते हैं, लेकिन शुक्रवार को सभी को बैरंग लौटना पड़ा।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद ठेका सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं को लेकर सफाईकर्मियों की बैठक

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के बैनर तले संविदा सफाई कर्मियों की बैठक शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में हुई। प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि नगर निगम की ओर से शहर में सफाई का टेंडर 31 अगस्त को समाप्त हो रहा हैं। नगर निगम की ओर से नया टेंडर लगाया जाएगा उस में 200 से 300 सफाई कर्मचारियों को ही रखा जाएगा। सोनीपत शहर में 1000 से ऊपर सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं इनमें से 300 लोगों को कार्य पर रखने की कह रहे हैं। नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान भारत कंडेरा, राज्य सचिव राजीव खत्री ने बताया कि निगम अधिकारियों की ओर से कहा जा रहा है कि किसी भी महिला कर्मचारी को काम पर नहीं रखा जाएगा। जबकि हरियाणा सरकार की तरफ से जारी पत्र में साफ लिखा है ठेकेदार बदल हो सकते हैं किंतु किसी भी सफाई कर्मचारी को नहीं हटाया जा सकता। उनकी निगम प्रशासन से अपील है कि उनका रोजगार जारी रखे। अगर प्रशासन व सरकार सफाई कर्मचारियों को नजरअंदाज करती है तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस दौरान संचालन सचिव सावन कुमार, उप प्रधान रविंद्र, ऑडिटर अंकुश, सहसचिव युधिष्ठिर सौदा, अमित, कोषाध्यक्ष विजय तोमर, सुनील, राहुल, प्रवीण भी मौजूद रहे।

## डीटीपी विभाग की कार्रवाई के बावजूद अवैध कालोनियों का धंधा जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने शुक्रवार को गांव बड़ौत की राजस्व भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में कार्रवाई की। विभाग की टीम ने वहां 3 डीपीसी व कच्चे रास्ते ध्वस्त किए। वहीं दूसरी ओर विभाग की कार्रवाई के बावजूद गन्नौर क्षेत्र में अवैध कालोनी काटने का धंधा लगातार फल फूल रहा है। शहर और आसपास कालोनाइजर बेखौफ कालोनियां काट रहे हैं। इससे साफ है कि विभाग की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 3 के पास लल्हेड़ी रोड पर, औद्योगिक क्षेत्र के फेज 2 के सामने व जीटी रोड किनारे अलग-अलग स्थानों पर खुलेआम अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं, जिन पर अभी तक विभाग की नजर तक नहीं पड़ी है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अजमेर सिंह ने कहा कि कि अवैध कालोनी काटने वालों पर विभाग सख्त निगरानी रखे हुए है। ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध निर्माण पर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करी कि अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें, क्योंकि ऐसी कालोनियों में सरकार कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराती।



गन्नौर। गांव बड़ौत की राजस्व भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में निर्माण को ढहाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## जिला विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रा यशवनी बनी विजेता, सम्मानित

- ओम पब्लिक स्कूल ने अपनी विजेता मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में ओम पब्लिक स्कूल गोहाना की मेधावी छात्रा यशवनी विजेता बनी। शुक्रवार को यशवनी को स्कूल में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। समारोह स्कूल की एमडी निर्मल लाठर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की और संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। 21 अगस्त को शिक्षा विभाग द्वारा सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता क्वांटम इज चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर आधारित रही जिसमें जिला सोनीपत क्षेत्र से 21 टीमों ने प्रतिभागिता की।



गोहाना। विजेता छात्रा यशवनी को पुरस्कृत करते हुए एमडी निर्मल लाठर और प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने विधानसभा में उठाया कानून व्यवस्था का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- विधानसभा में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा करवाने की मांग



विधायक इंदुराज नरवाल।

बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ विधानसभा के मानसून सत्र में देश में कानून व्यवस्था ओर महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाया। विधायक ने इन मुद्दों पर सत्र में चर्चा करवाने की भी मांग की।

विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ चुकी है। उन्होंने विधानसभा में बेटी बचाओ, क्या हुआ–क्या हुआ लिखे पोस्टर दिखाकर प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा और बढ़ते अपराधों पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। वे बोले कि आज प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अपराधिक घटनाओं से प्रदेश के लोग भय के साये में जीने को मजबूर हैं।



गन्नौ। स्लाटर हाऊस में बनी दुकानों के बाहर लगा कूड़े का ढेर , बंद पड़ी दुकान।



राई। निगम पार्षद पुनीत राई सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का निरीक्षण करते हुए।

## लिवान गांव में सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

वार्ड नंबर 8 के लिवान गांव में चल रहे सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम पार्षद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत त्यागी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार लगातार ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए कार्य कर रही है। भाजपा के विजन के अनुसार कोई भी व्यक्ति पानी, सीवरेज, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे, इसके लिए योजनाओं को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सीवरेज लाइन कार्य को लेकर खुशी जताई और कहा कि लंबे समय से इस कार्य की आवश्यकता थी। अब इसके पूरा होने से गांव में गंदगी की समस्या से छुटकारा मिलेगा और लोगों को बेहतर जीवन-स्तर की सुविधा प्राप्त होगी। पुनीत राई ने लोगों को आश्वस्त किया गया कि सरकार का लक्ष्य है कि निगम क्षेत्र के गांवों के लोगों को भी शहरों की तरह सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## स्लाटर हाउस बना गंदगी का अड्डा, लगे कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगर पालिका द्वारा कई साल पहले मांस विक्रेताओं की सुविधा के लिए बनाया गया स्लाटर हाउस खुद ही गंदगी और कूड़े का अड्डा बनकर रह गया है। नगरपालिका की लापरवाही और उपेक्षा के चलते स्लाटर हाउस कभी भी लंबे समय तक नही चला। नतीजतन, शहर के अलग-अलग हिस्सों में मीट विक्रेता खुले में सड़कों पर मांस बेचने को मजबूर हैं, जिससे स्वच्छता नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। शहरवासी सुरेन्द्र, महेन्द्र, सुलेख ने बताया कि लाखों रुपये की लागत से नगर पालिका ने यह स्लाटर हाउस बनवाया था ताकि मीट विक्रेताओं को उचित जगह मिल सके और लोगों को स्वच्छ वातावरण में मांस उपलब्ध कराया जा सके। लेकिन निर्माण के कई साल बाद भी स्लाटर हाउस का संचालन स्थाई रूप से शुरू नहीं किया गया। जिस कारण अब हालत ये है कि गन्नौर के विभिन्न बाजारों और गलियों में मीट विक्रेता खुले में मांस काटते और बेचते हैं। इससे न केवल शहर की छवि खराब होती है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराता है। मांस को खुले में रखने से संक्रमण फैलने की आशंका रहती है। मांस से निकलने वाली बदबू से स्थानीय लोग परेशान हैं।

छात्राओं ने आत्मरक्षा में मार्शल आर्ट, डम्बल, फिल द स्पेस और काउंट एंड रन के खेलों का प्रदर्शन किया

## नशा मुक्त समाज हम सब की नैतिक जिम्मेवारी : सुदेश

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पुलिस विभाग के सहयोग से नशा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। इस दौरान छात्राओं ने आत्मरक्षा में मार्शल आर्ट, डम्बल, फिल द स्पेस और काउंट एंड रन के खेलों का प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता महिला थाना खानपुर कलां की एसएचओ सुदेश ने कहा कि नशे की गिरफ्त से बाहर निकलना एक चुनौती जरूर है लेकिन यह असंभव नहीं है। समाज को नशे से मुक्त करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। नशा एक स्वस्थ और सशक्त समाज का दुश्मन है। समाज को एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। प्राचार्या सुमिता सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग की यह पहल अति सराहनीय है। नशे से मुक्ति का पहला कदम स्वयं से शुरू होता है। इसलिए नशा छोडऩे का दृढ़ संकल्प लें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम का संचालन किरण और सुनीता शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।



गोहाना। छात्राओं के साथ महिला थाना खानपुर कलां की एसएचओ सुदेश व प्राचार्य सुमिता सिंह। फोटो : हरिभूमि

### रैगिंग एक अपराध, विवि में बनाए गए हैं सख्त नियम

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की नव प्रवेशित छात्राओं के लिए चल रहे साप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू पंवार ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और सामाजिक परिवेश से परिचित कराना था। डॉ. मंजू पंवार ने कार्यक्रम में छात्राओं को पाठ्यक्रम संरचना, मूल्यांकन प्रणाली, शैक्षणिक अपेक्षाओं और उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों, सामाजिक न्याय और सामाजिक परिवर्तन में समाज कार्य की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में डॉ. दीपाली माथुर ने एंटी रैगिंग से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रैगिंग एक अपराध है, जो विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। रैगिंग-मुक्त परिसर के लिए, शिक्षण संस्थानों को सख्त नियम बनाए गए हैं। दूसरे सत्र मे फॉरेन लैंग्वेज विभाग से डॉ. मैथ्यू चंद ने जर्मन भाषा का महत्व बताया। तीसरे सत्र मे पॉलिटिकल विभाग से प्रो. रामपाल ने समाज कार्य के महत्व समझाया। छात्राओं ने समाज कार्य सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग भी की। इस अवसर पर डॉ. ज्ञान मेहरा, सोहन लाल, लूसी और विभाग की छात्राएं उपस्थित रहीं।



गोहाना। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बनाए गए पोस्टर दिखती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि